# प्रपत्र –4

परियोजना का नामः– जनपद–देहरादून के ग्राम अजबपुर कला अन्तर्गत देबांचल विहार में नलकूप निर्माण हेतु अपेक्षित(6.00x5.00मी0=30वर्ग मी0) अर्थात 0.0030है0 वन भूमि का उत्तरांचल पेजल संसाधन विकास एंव निर्माण निगम, देहरादून को प्रत्यावर्तन का प्रस्ताव।

## संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट (प्रमाण–पत्र)

प्रमाणित किया जाता है कि आज दिनांक 07–09–2016 को उपरोक्त प्रयोजन हेतु संयुक्त निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण की कार्यवाही में वन विभाग की ओर से श्री जगमोहनसिहं रावत, वन दरोगा, श्री सरदारसिहं वन वीट अधिकारी, श्री नरेन्द्रसिहं नेगी, सर्वेयर, राजस्व विभाग की ओर से अरूण कुमार., उप राजस्व निरीक्षक तथा प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री सुनील गुसांई, अपर सहायक अभियन्ता द्वारा भाग लिया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय पाया गया कि उपरोक्त प्रयोजन हेतु ग्राम अजबपुर कलां के अन्तर्गत खसरा संख्या 1067 कुल रकबा 0.9340है0 जो कि राजस्व अभिलेखों में श्रेणी 5–3–क–2–ग्राम समाजों में निहित, जंगल वन विभाग अभिलिखित है(खतौनी वर्ष 1417–1422 प्रति संलग्न) के मध्य (6.00मी0 x 5.00 मी0 =30वर्ग मी0) अर्थात 0.0030है0 वन भूमि, 0.00 हे0, सिविल एवं सोयम भूमि, 0.00 हे0 वन पंचायत भूमि, 0.00 हे0 नाप भूमि कुल 0.0030हे0 भूमि प्रभावित होनी निहित है। प्रस्तावित भूमि के अतिरिक्त अन्य कोई वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है तथा प्रस्तावित भूमि की मांग न्यूनतम है। प्रश्नगत कार्य जनहित में किया जाना है।

विषयांकित कार्य के निर्माण हेतु प्रस्तावित स्थल पर भूमि खसरा न0 1067 रकबा 0.934है0 के अतिरिक्त उसके आस–पास स्थित खसरा न0 1060 ख रकबा 0.0570है0, खसरा न0 1063 ख रकबा 0.2340है0, खसरा न0 1064 ख रकबा 0.1200है0, खसरा न0 1065 ख रकबा 0.060है0, खसरा न0 1066 क रकबा 0.1890है0 एंव खसरा न0 1068क ख रकबा 0.2790है0 कुल रकबा 1.8760 है0 जो कि राजस्व अभिलेखों में श्रेणी 5–3–क–2–ग्राम समाजों में निहित जंगल वन विभाग अभिलिखित है तथा वर्तमान में उक्त खसरा नम्बरों की भूमि के अधिकांश भू–भाग में आबादी एंव चारदीवारी पायी गयी।

प्रस्तावित योजना में मात्र 0.0030 है0 भूमि का प्रत्यावर्तन किया जाना निहित है। प्रस्तावित नलकूप के निर्माण हेतु ग्राम समाजों में निहित, जंगल वन विभाग की अपेक्षित भूमि में कोई वृक्ष वाधित/प्रभावित होना निहित नहीं है।

| ह0/– | ह0/– | ह0/– |
|---|---|---|
| (प्रयोक्ता एजेन्सी) | राजस्व विभाग प्रतिनिधि | वन विभाग प्रतिनिधि |
| अ. अभियन्ता यांत्रिक शाखा उत्तराखण्ड पेयजल निगम देहरादून | | प्रमाणित |
| प्रति हस्ताक्षरित जिलाधिकारी | | प्रति हस्ताक्षरित प्रभागीय वनाधिकारी |
| प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी वन प्रभाग, मसूरी | उप जिलाधिकारी (सदर) देहरादून | (सरदार सिंह) व0वी0 अधि0 |